# कार्यालय
# प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

दूरभाष : 05962.230065, फैक्स: 05962.232182ई–मेल almoraforestdivision@rediffmail.com

पत्रांक 5406 / 12-1(2) अल्मोड़ा दिनांक 13.05.2024

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

**विषय –** **जनपद अल्मोड़ा में भतरौंजखान निगराली भिकियासैण मोटर मार्ग के विस्तार हेतु 0.963 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/11260/2015)**

**सन्दर्भ –** **भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक सं0 8बी0/यू0सी0पी0/06/50/2022/एफ0सी0 /296 दिनांक 26.07.2022 एवं आपका पत्रांक प0–512/12–1(2) दिनांक 06.08.2022।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विषयांकित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में भारत सरकार, देहरादून द्वारा बिन्दु संख्या 01 से 09 में आपत्ति लगायी गयी है, जिसका निराकरण प्रस्तावक विभाग द्वारा ऑनलाईन किया गया है, जो निम्नवत है :–

| क्र0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | The location of beneficiary villages from the proposed road are not marked on the KML file. Accordingly, the State Govt. Is requested to mark the location of concern villages in KML file uploaded in the on line portal. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित मार्ग से लाभान्वित होने वाले गांवों को के0एम0एल0 फाईल में दर्शा दिया गया है तथा ऑनलाईन अपलोड कर दिया गया है। |
| 2 | On proposal of the KML file, it is seen that on the left side of the proposed road an existing road/path is available at the starting point as well as at the end point of the proposed road. The state Govt. is requested to provide a detailed report regarding the existing road network available in the area along with the distance of each beneficiary villages from the existing road. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि के0एम0एल0 में प्रस्तावित मार्ग के Left Side में PMGSY द्वारा नव निर्मित मोटर मार्ग का अन्तिम भाग दिखाई दे रहा है। प्रस्तावित मार्ग से लाभान्वित होने वाले गांव मझेड़ा, कुम्हार्ती व सौरे की PMGSY द्वारा निर्मित मार्ग से दूरियाँ क्रमशः 0.100 कि0मी0, 3.200 कि0मी0 व 4.900 कि0मी0 है। |
| 3 | The prupose of the road is not justified by the state Govt. the end point of the proposed road is apporoximately 500 m away from the habitation. The state Govt. is requested to review the alignment and comment over it. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित मार्ग के अन्तिम बिन्दु से बसावट (Habitation) 500 मीटर दूर नहीं है। इस सन्दर्भ में अवगत कराना है कि इस प्रस्तावित मार्ग से लाभान्वित होने वाले गांव सौरे 200 मीटर, कुम्हार्ती 100 मीटर एवं मझेड़ा 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। |
| 4 | The number of trees proposed to be felled in the proposed area of 0.983 ha area is very high. The State Govt. is requested to review the same and try to reduce the number of trees affected by the proposal. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित मार्ग हेतु स्वीकृत समरेखण के अलावा अन्य कोई भी समरेखण से कम वन भूमि व कम वृक्ष प्रभावित हो। मार्ग निर्माण के समय प्रयास किया जायेगा कि कम से कम वृक्षों का पातन हो। |
| 5 | The data provided in the column of district profile at para 14 of online Part II seems to be inappropriate. Therefore, the state Govt is requested to review the same and do the necessary correction. | प्रभाग स्तर से आनलाईन पार्ट II में आवश्यक संशोधन कर लिया गया है। |
| 6 | NPV is calculated at older rates, State Govt. is requested to submit/upload NPV calculation sheet as per the new rates. | एन0पी0वी0 शीट नवीन दरों के अनुसार तैयार कर आनलाईन पार्ट II के एडिशनल |

| | | |
|---|---|---|
| | | इन्फॉर्मेशन के बिन्दु सं0 07 में अपलोड कर दी गयी है। जिसे पुनः संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। |
| 7 | In the comparative chart submitted in the additional information details in part I, following additional information is required –<br>1. Number of trees affected in the proposed alignment vis-a-vi the alternate alignment.<br>2. Forest area affected in the proposed alignment vis-a-vi the alternate alignment. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि पार्ट। में एडिशनल इनफॉरमेशन डिटेल के कम्प्रेटिव चार्ट में निम्न विवरण अंकित कर दिया गया है।<br>1. प्रस्तावित समरेखण में 242 वृक्ष तथा वैकल्पिक समरेखण में 302 वृक्ष प्रभावित होते हैं।<br>2. प्रस्तावित समरेखण में 0.963 हेक्टेयर वन भूमि तथा वैकल्पिक समरेखण में 1.548 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होती है। |
| 8 | The details of area where the plantation of 2420 plants will be out is required to | प्रस्ताव में प्रभावित वृक्षों के सापेक्ष रोपित होने वाले 2420 पौधों का रोपण रानीखेत वन क्षेत्र के अन्तर्गत सौली कक्ष सं0 20अ में चयनित किया गया है। |
| 9 | The proposal was first uploaded by the user agency in the year 2015 and is has come to the Regional Office after more than seven years. During this period, the actual situation must have changed. It is also evident form the KML file thal all the habitations are already connected by road and there is no requirement of additional connectivity. The state Govt. may be requested to assess the requirement of the proposed road once again. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि के0एम0एल0 फाईल में प्रदर्शित हो रहा मोटर मार्ग पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा निर्मित किया गया है, जिससे मात्र मझेड़ा गांव ही आंशिक रूप से लाभान्वित हो रहा है। मझेड़ा गांव के अलावा अन्य दो गांवों (कुम्हार्ती व सौरे) को भी मोटर मार्ग की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रस्तावित मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। |

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।